NT>

Title: Need to take measures to check menace of Neelgais in Uttar Pradesh.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : सभापति महोदय, हमारे देश के विभिन्न भागों में विशो रूप से उत्तर प्रदेश में नील गायों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिसकी वजह से किसानों की फसलों को बड़ी संख्या में नुकसान हो रहा है। एक तरफ किसान दिन-रात सर्दी, गर्मी में कठिन मेहनत करके तथा लागत लगाकर फसलों की बोवाई करके फसलों को तैयार करता है और दूसरी तरफ फसल तैयार होने पर नील गायों के झुंड के झुंड खेतों में जाकर फसलों को खा जाते हैं, जिसकी वजह से देश में हजारों टन अनाज का नुकसान हो रहा है तथा किसानों के बच्चे भूखे रहने पर मजबूर हो जाते हैं। रात के समय में नील गायों के झुंड के झुंड इकट्ठे होकर जी.टी. रोट पर आ जाते हैं तथा मोटर गाड़ियों के आने पर इधर-उधर भागते हैं। इस वजह से वाहनों से उनकी टक्कर हो जाती है तथा सैंकड़ों लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि नील गायों के द्वारा किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान को रोका जाए तथा किसानों द्वारा अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए नील गायों को मारपीट कर भगाने/मर जाने पर किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही न की जाए।